एक नजर में

देव छठ पर मेले का आयोजन

छापीहेड़ा 17 सितम्बर, सं. समीपस्थ ग्राम कंडेली में प्रतिवर्ष अनुसार देवनारायण के जन्मोत्सव पर मेले का आयोजन हुआ. मंदिर पर पूजा अर्चना कर महा आरती की गई. मेले की प्रसिद्ध जलेबी की दुकानों से सभी श्रद्धालुओं द्वारा जलेबी खरीदी गई खाने के साथ घर ले गए. अन्य दुकानों में मनिहारी खिलौने गुब्बारे की दुकान भी लगी जो आकर्षण केंद्र रहा. आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के कई भक्त पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि गोपाल सिंह सोंधिया ने बताया कि देवनारायण भगवान के स्थान पर प्रतिवर्ष मेला लगता है जहां पर कई भक्त आकर लाभ उठाते हैं यहां पर भक्त अपनी मनोकामना लेकर आते हैं मनोकामना पूर्ण होने पर आकर प्रसाद चढ़कर पूजा करते हैं.

आईटीआई प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

जीरापुर 17 सितम्बर, सं. नगर के छापीहेड़ा रोड़ गौशाला के सामने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) में प्रवेश हेतु पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ओपन राउंड प्रारंभ है. जिसमें आवेदन कि अन्तिम तारीख 22 सितम्बर तक है. स्टेनोग्राफर (हिन्दी) 11 सीटे तथा डेयरी साइंस (डेरिंग) -07 सीटें उपलब्ध है. इच्छुक अभ्यर्थी 22 सितम्बर 2026 की अंतिम तिथि तक संस्था में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें. ताकि एडमिशन हो सकें. आज पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन मे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा से संकल्प अभियान अंतर्गत 301 दीपक प्रज्वलित कर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया इस अवसर पर विद्यालय परिवार के प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार के साथ समस्त शिक्षक कर्मचारी एवं जन प्रतिनिधि कैलाश मोहन यादव, मान सिंह यादव फौजी सरकार, वरिष्ठ पत्रकार अवध नारायण उपाध्याय, मोर सिंह यादव उपस्थित रहे.

औजारों की सामूहिक पूजा-अर्चना की

पडाना 17 सितम्बर, सं. भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर नगर के बृजवासी जाटव समाज के द्वारा मकान निर्माण में उपयोग होने वाले औजारों की सामूहिक पूजा-अर्चना की गई. यह आयोजन सामूहिक रूप से खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुआ. इस दौरान समाज के लोगों ने अपने कार्य में उपयोग होने वाले करनी, हथौड़ा, साहुल, फीता, कन्नी सहित सभी औजारों को एकत्र कर विधि-विधान से पूजा की. पूजा के बाद आरती की गई और सभी ने अपने कार्य में उन्नति, सुरक्षा और समृद्धि की कामना की. समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन और निर्माण का देवता माना जाता है, इसलिए इस दिन औजारों की पूजा करने से कार्य में कुशलता आती है. इस अवसर पर मोहनलाल, जाटव, छगनलाल, बाबूलाल, जगदीश, ताराचंद, हुकम सिंह, जीवन, राधेश्याम, दिलीप, फूल सिंह, मोहन, जितेंद्र, गोपाल, महेश, राधेश्याम, औम सहित बृजवासी जाटव समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे.

दीपदान और रक्तदान के साथ सेवा संकल्प शुरू

सेवा संकल्प अभियान के तहत विशाल रक्तदान शिविर का राज्यमंत्री पंवार ने शुभारंभ कर रक्तदाताओं का बढ़ाया उत्साह

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 17 सितम्बर, का. प्रधानमंत्री जन्मदिवस के शुभ अवसर पर 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत सिविल अस्पताल, ब्यावरा में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने शुभारंभ किया.

इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है. हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से आत्मीय भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए फल वितरित किए.

इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिवस से 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ हो रहा है. प्रधानमंत्री श्री मोदी का जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी उदाहरण है. सार्वजनिक जीवन में उनके 25 वर्षों की यात्रा निरंतर राष्ट्रसेवा और जनकल्याण को समर्पित रही है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को देश की प्रगति और करोड़ों देशवासियों के कल्याण के लिए समर्पित किया है. उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत अनेक चुनौतियों और विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहा था, लेकिन आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर रहा है. राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की वैश्विक भूमिका निरंतर मजबूत हुई है. भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका का प्रभाव यह है कि अनेक देश भारत के विकास मॉडल, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और नवाचार से जुड़े अनुभवों में रुचि ले रहे हैं.

जिला अस्पताल में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

राजगढ़ 17 सितम्बर, का. प्रधानमंत्री के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत गुरुवार को जिला अस्पताल राजगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सांसद रोडमल नागर, विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर 'रक्तदान महादान' का संदेश दिया. इस अवसर पर जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया.

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविरों के आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है. जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल, जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे. इस अवसर पर सांसद श्री नागर ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 25 वर्षों में उन्होंने एक भी दिन का अवकाश नहीं लिया और निरंतर देशसेवा को अपना दायित्व माना है. उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित होने वाले सामूहिक 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रमों में सहभागी बनें तथा निरंतर इसी प्रकार सेवा एवं जनकल्याण के आयोजनों से जुड़कर समाजहित में योगदान दें.

मंदिरों एवं घरों में जलाए दीपक

पचोर 17 सितम्बर, सं. प्रधानमंत्री मोदी के 76 वें जन्मदिन पर नगर के प्रमुख मंदिरों एवं घरों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु की कामना के साथ जनप्रतिनिधियों एवं नागरिक को ने आशीर्वाद के दीए जलाएं. इस अवसर पर श्री राम बड़ा मंदिर पुरानी पचोर, प्राचीन विश्वनाथ महादेव मंदिर, श्री काला जी मंदिर पुरानी पचोर, श्री गोपाल मां का मंदिर पुरानी पचोर, राधा कृष्ण मंदिर पुरानी पचोर, श्री राम मंदिर कचहरी पुरानी पचोर, श्री राम भक्त हनुमान मंदिर भोजपुरिया, प्राचीन देवनारायण मंदिर बिलापुरा सहित नगर के प्रमुख मंदिरों पर भाजपा मंडल पचोर एवं महिला मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आशीर्वाद के दीप जलाए गए. इस अवसर प्राचीन विश्वनाथ बड़े शिवालय पर बड़ी संख्या में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर आशीर्वाद के दीप जलाए. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, नगर परिषद उपाध्यक्ष राम भरोसा यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता रघुराज राणा, दामोदर लहरी, नीलम सक्सेना, बबीता जुलानिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विनीती जुलानिया, एल्डरमैन पुरुषोत्तम वैष्णव, श्रीनाथ जुलानिया, दिनेश नेता, दिलीप कुशवाहा, संजय तिवारी, कैलाश देशवाली, सीताराम लहरी किसान मोर्चा जिला मंत्री, मनीष सक्सेना, दीपक चौहान, राधेश्याम गुर्जर, अमित गोस्वामी, दौलत सिसोदिया, सुदर्शन सोनी, मनीष यादव आदि शामिल रहे.

गुना के किसानों को दो गुना मुआवजा मिल रहा

सुठालिया 17 सितम्बर, सं. गुना जिला हमारा जिला है जहां हम पीढ़ियों से रहते हैं और उस जिले का नेतृत्व कर रहे हैं, और हम ही नहीं कर रहे हैं, सिंधिया महाराज भी कर रहे हैं, हमारा परिवार कर रहा है, उसके बाद भी गुना जिले के किसानों को दो गुना मुआवजा मिल रहा है और हम चार गुना नहीं करा पा रहे हैं. लानत है ऐसी राजनीति पर, ये हमारी असफलता है कहीं न कहीं गलती हमसे कहीं न कहीं ये हुई है कि इस आंदोलन को हमने गंभीरता से नहीं लिया जितना लेना चाहिए था. उक्त बात राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने बुधवार को स्थानीय जीन मैदान बस स्टैंड में सुठालिया सिंचाई परियोजना के डूब प्रभावित गांवों के किसानो द्वारा चार गुना मुआवजा एवं नो सूत्रीय मांग को लेकर सोमवार से शुरू किए गए अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल एवं धरना को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि में दो-दो गुना कलेक्टर से मिला मैंने ऐसा कलेक्टर अपने जीवन में नहीं देखा बांध में तीन गाँव डूब रहे हैं उसके जिले के जिसका वो कलेक्टर है. उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े बांध बनवा दिए, बड़े-बड़े काम कराए, बड़े-बड़े कारखाने लगवाए. क्या कारण रहा कि हम ये मुआवजा दिलाने में अभी तक असफल हुए और आप लोगों को इतनी परेशानी हो रही है.

एक्सपायरी एवं खराब खाद्य सामग्री का कराया विनष्टीकरण

पचोर में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 17 सितम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही निरंतर जारी है. इसी क्रम में गुरुवार को पचोर में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से भ्रमण कर खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की गई.

खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस खत्री द्वारा पचोर स्थित जैन होटल, एबी रोड का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान 20 किलोग्राम सड़ी हुई प्याज एवं लगभग 2 किलोग्राम एक्सपायरी डेट की सॉस पाए जाने पर मौके पर ही उनका विनष्टीकरण कराया गया. इसी प्रकार ए.बी. रोड पचोर स्थित अंगीठी रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की गई. यहां एक्सपायरी डेट की बिसलेरी वॉटर 200 एमएल की 09 पेटी, कुल 432 बोतल, एक्क्रानिटी 200 एमएल की 02 पेटी, कुल 80 बोतल तथा 700 एमएल की विनेगर की 09 बोतल का मौके पर ही विनष्टीकरण कराया गया. इसके साथ ही बस स्टैंड पचोर स्थित पंडित जी की होटल, श्री राम होटल, श्री सिद्धिविनायक स्वीट्स एवं आकाशदीप रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण कर अलग-अलग खाद्य पदार्थों के नमूना लिए गए. संबंधित खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा किसी प्रकार की मिलावट नहीं करने की हिदायत दी गई.

सिविल वर्क इंजीनियर टीम के साथ निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 17 सितम्बर, सं. गंगा जल संवर्धन अभियान के समापन पर बीते दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल एवं सांसद रोडमल नागर के मांग पत्र पर बीस करोड़ की घोषणा की थी.

घोषणा की राशि से प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों के लिए तकनीकी मार्गदर्शन हेतु सिविल वर्क इंजीनियर टिम के साथ सांसद रोडमल नागर, तहसीलदार कपिल शर्मा, ग्रामीण विकास विभाग के कृपाल पैरवाल एवं अन्य अधिकारी स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे. टीम में कंट्रो सर्वेयर अधिकारी मिथुन पाटिल, इंजीनियर पावन नागर भी शामिल रहे.

इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर द्वारा बताया गया कि मंदिर निर्माण के साथ इसमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों के इलाज के लिए प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र खोलने के लिए के लिए बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन, योग प्रेमियों के लिए इंडोर योग केंद्र, सर्वसुविधा युक्त पार्किंग, बाउंड्री निर्माण, रात्रि विश्राम के लिए भक्त निवास बनाने का प्रताव है.

इस दौरान वैदिक पाठशाला की पांच हेक्टेयर भूमि पर हो रही तार फेंसिंग कार्य एवं भव्य प्रवेश द्वार निर्माण का निरीक्षण किया. इसके बाद सभी ने गुरु गोरक्षनाथ अखाड़ा पर पहुंच कर गुरुजी के धुनी दर्शन उपरांत यह चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया. इस अवसर पर हेमराज सिंह पटेल, बिट्ठल नागर, समाजसेवी पन्नालाल नागर, दुर्गेश पण्डाजी, राजेश भंडारी, सचिव पंकज नागर, पटवारी कन्हैयालाल फुलेरिया, डाक्टर विष्णु अरनिया, रामेश्वर नागर, सहित समिति सदस्य मौजूद रहे.



अस्पताल में मरीजों को बांटे फल-फ्रूट

नवभारत न्यूज

जीरापुर 17 सितम्बर, सं. सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए.

विधायक हजारीलाल दांगी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के नेता जनप्रतिनिधि जिसमें भाजपा किसान मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बलराम टांक, भाजपा महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई, नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार, ईश्वर सिंह तोमर बटावदा, डा. राम किरार, गुलाब सिंह भाटी, अजय गुप्ता बैरिस्टर, विष्णु सिंह पंवार, कुशाल मंडलोई, डा. राघवेंद्र वैध, मुकेश मालाकार टेक्सी, गिरीराज जुलानियां, श्याम राठौर, कमल झावा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे. जहां पर सिविल अस्पताल बीएमओ डॉ. सुनील चौरसिया सहित अस्पताल स्टाफ भी उपस्थित रहा.

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
...भरोसे का प्रतीक !

सार्वजनिक सूचना

हमारे बैंक की वेबसाइट Website www.pnb.bank. पर दी गई लिस्ट के अनुसार, नीचे बताये गये ग्राहकों को अलॉट किए गए लॉकर्स के मामले में लॉकर एग्रीमेंट की शर्तों और नियमों का पालन नहीं किया गया है, और उनका लॉकर किराया 03 साल से ज्यादा समय से बकाया है. ऐसी स्थिति में, हमे लॉकर को खोलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. इसलिए आम जनता को सूचित किया जाता है, कि संबंधित व्यक्ति वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए 25.09.2026 को या उससे पहले बैंक समय के दौरान ब्रांच से सम्पर्क करें. ऐसा न करने पर हमे 01.10.2026 को या उसके बाद लॉकर को खोलने के लिए मजबूर होना पड़ेगा और लॉकर में रखे सामान को बिना किसी और सूचना के सार्वजनिक नीलामी में बेच दिया जाएगा. नीलामी से मिलने वाली रकम से इनमें हुए खर्च, किराये का बकाया और अन्य लागतें वसूल की जायेगी.

क्र.	लॉकर नं.	लॉकर धारक का नाम	शाखा
1.	AA00023	आनंद शंकर गुप्ता S/O नारायण प्रसाद गुप्ता	सुठालिया
2.	AA00011	आनंद कुमार अग्रवाल S/O मदनलाल	सुठालिया

दिनांक -16/09/2026
स्थान - सुठालिया

हस्ताक्षर
अधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक

धर्मस्थ

1 किलो चावल में 56 हजार दानों की अनोखी गणना

सवा करोड़ राम नाम जाप का महासंकल्प

नवभारत न्यूज

पडाना-जाटव मोहल्ला स्थित प्राचीन सिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर इन दिनों राम नाम की अलौकिक ऊर्जा से सराबोर है. मंदिर परिसर में भक्ति और विज्ञान के अद्भुत संगम का साक्षी बन रहा है सवा करोड़ राम नाम जाप का विराट महासंकल्प. श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी, 14 सितंबर से इस महायज्ञ का शुभारंभ किया गया है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है.

समिति द्वारा इस जाप के लिए अनोखी और वैज्ञानिक पद्धति अपनाई गई है. जाप के माध्यम के रूप में चावल के दानों को चुना गया है. समिति के अनुसार किए गए परीक्षण में एक किलो चावल में औसतन 56 हजार दाने पाए गए हैं. इसी गणना को आधार मानकर मंदिर में संकल्प को साकार रूप दिया गया है.

इसके लिए मंदिर में दो पवित्र पात्र स्थापित किए गए हैं. पहले पात्र में सवा करोड़ जाप के प्रतीक के रूप में चावल रखे गए हैं. श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और समय अनुसार पहले पात्र से चावल के दाने लेते हैं, प्रत्येक दाने पर पूर्ण भाव और निष्ठा के साथ श्री राम नाम का जाप करते हैं और जाप के बाद उन सिद्ध और अभिमंत्रित दानों को दूसरे पात्र में समर्पित कर देते हैं.

कब तक पूरा होगा संकल्प!

यदि जाप की यही गति निरंतर बनी रही तो यह विराट संकल्प लगभग 62 से 83 दिनों में अर्थात करीब ढाई माह में पूर्ण हो जाएगा. सवा करोड़ जाप के इस महायज्ञ के लिए कुल लगभग 223 किलो चावल की आवश्यकता होगी. समिति ने इसकी शुरुआत चरणबद्ध रूप से 22 से 23 किलो चावल के साथ की है.

रोजाना हो रहा है डेढ़ से दो लाख जाप

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्तमान में मंदिर में प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख राम नाम जाप का क्रम अनवरत रूप से जारी है. इस महासंकल्प को लेकर बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है. सुबह से शाम तक मंदिर में भक्तों की आवाजाही लगी रहती है. थाली में चावल के दाने लेकर राम नाम का जाप करते भक्तों का दृश्य बरबस ही हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है.

कार्यालय नगर परिषद तलेन जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

क्रमांक/1344/लो.नि./2026 | Mail ID- cmonptal@gmail.com | तलेन दिनांक 17/09/2026

ऑनलाइन निविदा आमंत्रण

एतद द्वारा नवीन केन्द्रीकृत प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पालिका तलेन जिला राजगढ़ में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न निर्माण कार्य हेतु (निविदा दिनांक तक लागू नवीनतम संशोधन लागू हैं) प्रतिशत आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है. अत: इच्छुक निविदादाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी ऑनलाईन निविदा दर ई-टेण्डरिंग प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है. निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी ई टेण्डर वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है. निविदा एवं उसकी तिथियों में किसी भी प्रकार संशोधन / परिवर्तन/परिवर्धन होने की दशा सूचना ऑनलाइन सूचना ही जारी की जावेगी. पृथक से कोई सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जावेगी.

क्र.	जावक क्रमांक	आन लाईन निविदा	कार्य का नाम/विवरण	अनुमानित लागत लाख में	धरोहर राशि	निविदा पत्रक शुल्क	ठेकेदार सप्लायर्स की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	अन्य विवरण
1	1345	2026_UAD_536722_1	गीता भवन की डी.पी.आर. बनाये जाने हेतु	2,50,000/-	10000/-	2000/-	केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत	कार्यादेश से 3 माह	प्रतिशत
2	1346	2026_UAD_536724_1	दशहरा मैदान पर रावण दहन हेतु प्लेटफार्म एवं ठिया निर्माण कार्य	1,39,398/-	2790/-	1000/-	केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत	कार्यादेश से 3 माह	प्रतिशत

KEY DATES

no.	Work Departmen stage/ Bidder's Stage	Start		Expiry		Envelops
		Date	Time	Date	Time	
1	2	3	4	5	6	7
1-	Purchase of Tendor Online	17.09.2026	17:30PM	05.10.2026	17:30 PM	
2-	Prebid meeting date and time	Not required	-	-	-	-
3-	Bid Submission Start			17.09.2026	17:30PM	
4-	Bid Submission End			05.10.2026	17:30PM	
5-	Mandatory Submission Open			06.10.2026	17:30PM	

सूर्यप्रकाश सिंह झाला
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद तलेन

पप्पू सिंह अहिरवार
सभापति
लोकनिर्माण एवं यांत्रिकी विभाग
नगर परिषद तलेन

श्रीमती मधु विनोद यादव
उपाध्यक्ष
नगर परिषद तलेन

नारायण सिंह यादव
अध्यक्ष
नगर परिषद तलेन